<u>कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सागर (म.प्र.)</u>

—: विविध आदेश :—

क्रमांक— 10 /दो—12—22—03/62 सागर, दिनांक 27/05/2024

जिला मुख्यालय पर कार्यरत विभिन्न न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी के अवकाश/प्रशिक्षण पर रहने की स्थिति में उनके न्यायालयों में पदस्थ स्टेनोग्राफर/साक्ष्य लेखक/आसंजित लिपिक/अन्य तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण/चतुर्थ श्रेण कर्मचारीगण की ड्यूटी लगाये जाने एवं अनुविभागों से अतिरिक्त कर्मचारी की ड्यूटी लगाये जाने हेतु **श्री प्रदीप सोनी, विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, जिला सागर** को अथवा उनके अवकाश पर रहने की दशा में **जिला रजिस्ट्रार श्री प्रीतम बंसल** को अधिकृत किया जाता है। उक्त दोनो न्यायिक अधिकारीगण के अवकाश पर रहने की दशा में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सागर से मौखिक अनुमति प्राप्त कर प्रशासनिक अधिकारी सागर को तथा उनके अवकाश पर रहने की दशा में उपलब्ध वरिष्ठ उप प्रशासनिक अधिकारी सागर को कर्मचारीगण की ड्यूटी लगाये जाने के लिये अधिकृत किया जाता है।

उपलब्ध अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग के आधार पर प्रथमतः न्यायाधीश की वरिष्ठता के आधार पर ड्यूटी लगायी जाना सुनिश्चित किया जाए।

जिस कर्मचारी के पीठासीन अधिकारी अवकाश पर रहेंगे वह कर्मचारी स्वतः ही अपनी डियूटी लगवाने के लिये नामांकित अधिकारी के समक्ष अधिक से अधिक **10:40 बजे तक** प्रस्तुत होकर उनके निर्देशन में डयूटी करेंगे जिससे कि डयूटी वाले स्थान पर वे समय पर कार्य प्रारंभ कर सकें।

अनुविभागों में पदस्थ कर्मचारीगण बिना अनुमति के अन्य न्यायालयों में या अनुविभागों में कार्य नहीं करेंगे।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला सागर (म.प्र.)
27/5/2024

O/C

कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सागर (म.प्र.)

पृ.क. २५५३ / दो–12–22–03 / 62 सागर, दिनांक– 27.05.2024

प्रतिलिपि–

1. श्री प्रदीप सोनी, विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, जिला सागर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।
2. श्री प्रीतम बंसल, जिला रजिस्ट्रार, जिला न्यायालय सागर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।
3. प्रभारी अधिकारी कार्यालय / नजारत / प्रतिलिपि / पंजीयन / तलवाना / मालखाना / अभिलेखागार / कम्प्यूटर अनुभाग सागर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. समस्त न्यायाधीशगण जिला मुख्यालय सागर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
5. प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय सागर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।
6. समस्त उप प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय सागर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित।
7. समस्त तृतीय / चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीगण, जिला न्यायालय सागर की ओर पालनार्थ प्रेषित।

27.05.2024

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
जिला सागर (म.प्र.)